# शहीद महेन्द्र कर्मा, विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2,जगदलपुर, जिला–बस्तर छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001

**Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar**

Dharampura-2, Jagdalpur, Dist-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode – 494001

Web: www.smkvbastar.ac.in E-mail-exambastar@gmail.com Telephone 07782-229884,


क्रमांक/ 1109 /परीक्षा/गोपनीय/श.म.क.वि.वि./2026 जगदलपुर, दिनांक 21 / 08/2026

## //पूरक परीक्षा अधिसूचना//

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर द्वारा बी.ए., बी.एस.सी., बी.कॉम, बी.सी.ए., बी.एच.एस.सी, भाग–02,03, के परीक्षा परिणाम जारी होने के पश्चात् पूरक की पात्रता रखने वाले परीक्षार्थियों को पूरक परीक्षा 2026 सत्र 2025–26 में सम्मिलित होने के लिए विश्वविद्यालय के वेबसाईट **www.smkvbastar.ac.in** के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित किया जाता है :–

| क्र. | आवेदन विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 01 | परीक्षार्थियों द्वारा पूरक परीक्षा ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि। | दिनांक 24.08.2026 से 31.08.2026 तक |
| 02 | परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन पश्चात् ऑनलाईन जॉच (Online Verify) एवं ऑनलाईन आवेदन के साथ अंकसूची की छायाप्रति संलग्न कर महाविद्यालयों में जमा करने की तिथि। | दिनांक 24.08.2026 से 01.09.2026 तक |
| 03 | महाविद्यालयों द्वारा ऑनलाईन किये गये पूरक परीक्षा आवेदनों का (Verified Student) की सत्यापित एवं अशेष प्रमाण पत्र के साथ विश्वविद्यालय में जमा करने की तिथि। | दिनांक 24.08.2026 से 05.09.2026 तक |

### 1. परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन पूरक परीक्षा आवेदन करने की प्रक्रिया :–

- I. पूरक परीक्षा 2026 के स्नातक कक्षाओं में पात्रता रखने वाले परीक्षार्थी सर्व प्रथम विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.smkvbastar.ac.in के माध्यम से Login कर Examination Form → Student Login Click कर प्राप्त User ID & Roll No. (Password) के माध्यम से Login कर Supply Exam में Click कर पूरक परीक्षा का ऑनलाईन आवेदन परिपूरित करेंगे।
- II. परीक्षार्थी ऑनलाईन आवेदन में उन्हीं विषयों/प्रश्नपत्रों/अनुक्रमांक का उल्लेख करेंगे जो वार्षिक परीक्षा 2026 की अंकसूची में दर्ज है।
- III. Proceed to payment में Click कर ऑनलाईन शुल्क भुगतान करेगें।
- IV. परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन करने के पश्चात परिपूरित ऑनलाईन परीक्षा आवेदन की दो प्रति प्रिन्टआउट प्राप्त कर एक प्रति अपने पास रखेगें तथा दूसरी प्रति आवश्यक दस्तावेजों की छाया प्रति संलग्न कर अग्रेषण शुल्क 35/–रू. (प्रति छात्र) के साथ विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि तक महाविद्यालय में जमा करेंगे।

### 2. परीक्षा शुल्क :– पूरक परीक्षा 2026 सत्र 2025–26 के लिए निम्नानुसार परीक्षा शुल्क निर्धारित है :–

| स.क्र. | कक्षा का नाम | पूरक परीक्षा शुल्क |
|---|---|---|
| 01 | B.A./B.COM. – Part - II,III | 720.00 |
| 02 | B.SC./B.H.SC./ B.C.A. - Part - II,III | 1000.00 |

**आवश्यकतानुसार शुल्क निम्नानुसार देय होगा**

- I. ऑनलाईन आवेदन अग्रेषण शुल्क/ऑनलाईन सत्यापन शुल्क पूरक के लिए 35/–रू.।
- II. स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में पर्यावरण अध्ययन विषय लेने पर अतिरिक्त विषय के रूप में शुल्क 135/–रू. ऑनलाईन भुगतान करना होगा।

## 3. शुल्क संबंधी एंव आवश्यक निर्देश :–

I. परीक्षार्थी ऑनलाईन आवेदन करने के पश्चात् पुनः समस्त भरे हुए ऑनलाईन आवेदन का परीक्षण करें, सही होने पर ही पूरक परीक्षा शुल्क के Option में जाकर निर्धारित परीक्षा शुल्क अधिसूचित भारतीय बैंक के डेबिटकार्ड/क्रेडिटकार्ड/इन्टरनेट बैंकिग के माध्यम से परीक्षा शुल्क ऑनलाईन भुगतान करेंगे।

II. ऑनलाईन भुगतान करते समय अपने बैंक खाते का विवरण, डेबिटकार्ड/क्रेडिटकार्ड/इन्टरनेट बैंकिग का नंबर/यूजर आईडी/पासवर्ड/पिन किसी भी व्यक्ति से साझा न करें। सुरक्षा, सर्तकता और गोपनीयता की जिम्मेदारी आपकी होगी।

III. परीक्षा आवेदन हेतु सभी आवश्यक दस्तावेज ऑनलाईन अपलोड कर परीक्षा फीस का ऑनलाईन भुगतान करने के पश्चात परीक्षा आवेदन के प्रिंटआउट की एक प्रति अपने पास रखें तथा दूसरी प्रति महाविद्यालय में जमा करें।

IV. परीक्षार्थी ने Exam Fees का भुगतान कर दिया है और उसके अकांउट से निर्धारित शुल्क की राशि कट गई है एंव Transaction स्टेटस Pending दिखा रहा हो तो दोबारा पेमेंट न करें। पोर्टल में Transaction Complain में जाकर ऑनलाईन भुगतान करते समय प्राप्त Transaction ID को दर्ज करें। Transaction ID को Copy कर Paste भी कर सकते हैं। एंव Try Settlement में Click करें।

V. परीक्षार्थी परीक्षा शुल्क का भुगतान सावधानी पूर्वक करें। एक से अधिक बार भुगतान होने पर फीस वापसी नहीं किया जायेगा।परीक्षा शुल्क भुगतान में समस्या हो तो **विश्वविद्यालय हेल्प लाईन नं. 07782-229884** में सम्पर्क करें।

VI. परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन भुगतान सावधानी पूर्वक करें। बार–बार भुगतान के प्रयास से अधिक भुगतान होने पर फीस वापसी नहीं किया जायेगा।

## 4. हेल्पलाईन नं./Complain Box

- **विश्वविद्यालय :– EXAM - 07782-229884, E-mail:** examhastar@gmail.com
- **वेबसाईट :– MOBILE – 08062526441, E-mail:** smkvhelpdesk@gmail.com
- **Complain Box** :–यदि परीक्षार्थी को ऑनलाईन परीक्षा आवेदन में किसी भी प्रकार की समस्याएँ हो रही हो तो अपना शिकायत विश्वविद्यालय के Complain Box में दर्ज कर सकते हैं। तथा Complain की स्थिति जानने के लिए Track Complain में Click करेंगे।

## 5. महाविद्यालयों के प्राचार्यो/अग्रेषणकर्ता अधिकारी के लिए आवश्यक निर्देश :–

I. महाविद्यालय द्वारा ऑनलाईन पूरक परीक्षा आवेदन की जॉच करने के लिए प्राचार्य/अग्रेषणकर्ता अधिकारी अपने User ID & Password से College में Login करेंगे।

II. परीक्षार्थी द्वारा जमा कराये गये ऑनलाईन पूरक परीक्षा आवेदनों की कक्षावार सूची College Login में Multiple Report से Report download कर परीक्षा आवेदन का परीक्षण (जॉच) करेंगे।

III. परीक्षार्थी द्वारा जमा करायें गये ऑनलाईन परीक्षा आवेदन एंव आवश्यक दस्तावेज का ऑनलाईन परीक्षण कर परीक्षा आवेदन की सूची प्राप्त करें एवं जारी निर्देशों का पालन करते हुए निर्धारित तिथि तक विश्वविद्यालय में जमा करें।

IV. परीक्षार्थी द्वारा जमा की गई शुल्क की राशि निर्धारित अनुसार है का परीक्षण आवश्यक है।

V. परीक्षार्थियों द्वारा माध्यम का चुनाव हिन्दी/अंग्रेजी सही–सही किया गया है का परीक्षण करेंगे।

VI. प्राचार्य/अग्रेषणकर्ता अधिकारी किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर विश्वविद्यालय से सम्पर्क करेंगे।

VII. परीक्षार्थी द्वारा जमा किये ऑनलाईन आवेदन में उल्लेखित समस्त विवरण तथा संलग्न समस्त दस्तावेजों का भली भॉति परीक्षण करेंगें अन्यथा परीक्षार्थी के परीक्षा आवेदन निरस्त होने की स्थिति में सम्पूर्ण जिम्मेदारी अग्रेषणकर्ता अधिकारी की होगी।

VIII. ऐसे परीक्षार्थी जो पात्र न होते हुए भी ऑनलाईन आवेदन किया है वे परीक्षा में सम्मिलित होने के पात्र नहीं होंगे तथा उनके परीक्षा आवेदन निरस्त होंगे।

IX. अग्रेषणकर्ता अधिकारी विश्वविद्यालय को इस आशय का अशेष प्रमाण पत्र देगें कि महाविद्यालय मे किसी भी परीक्षार्थियों का परीक्षा आवेदन शेष नहीं है।

**6. परीक्षा समय सारणी :–**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय द्वारा पूरक परीक्षा समय सारिणी (Time Table) यथा समय जारी की जाएगी। परीक्षार्थी अपनी परीक्षा की तिथियॉ परीक्षा केन्द्र/महाविद्यालय के सूचना पटल अथवा विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.smkvbastar.ac.in में अवलोकन सकते हैं।

**7. प्रवेश पत्र :–**

परीक्षार्थी परीक्षा प्रारम्भ होने के 10 दिन पूर्व विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.smkvbastar.ac.in से प्रवेश पत्र (Admit Card) डाउनलोड कर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

**कुलसचिव I/C**
**शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय,बस्तर**
**जगदलपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/ 1110 /परीक्षा/गोपनीय/श.म.क.वि.वि./2026 जगदलपुर, दिनांक 21 / 08 /2026

**प्रतिलिपि :–**

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के सचिव, राजभवन, रायपुर (छ.ग.)।
2. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन नवा, रायपुर (छ.ग.)।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर (छ.ग.)।
4. माननीय कुलपति महोदय, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
5. प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. समस्त विभाग, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर को सूचनार्थ।
7. समन्वयक, IQAC शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर को सूचनार्थ।
8. जनसंपर्क अधिकारी, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
9. आई.सी.टी. सेल, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
10. सूचना पटल में प्रदर्शित करें।

**सहायक कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)**
**शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय,बस्तर**
**जगदलपुर (छ.ग.)**